Hindustan (Hindi)

पटना , गुरुवार, 23 दिसम्बर, 1999 ई. (5)

गणितज्ञ रामानुजन की 112वीं जयंती मनायी गई

हिन्दुस्तान संवाददाता

पटना, 22 दिसम्बर। स्वयंसेवी संस्था 'रामानुजन स्कूल ऑफ मैथेमेटिक्स' द्वारा आज छात्रों के भारी भीड़ के बीच महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की 112वीं जयंती मनायी गई। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए चर्चित युवा गणितज्ञ आनन्द कुमार ने रामानुजन के संघर्षमय जीवन तथा उनके गणितीय कार्यों से छात्रों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आज भले ही बिहार के शैक्षणिक स्तर में गिरावट आयी है, यहां तक कि किसी पुस्तकालय में एक भी गणितीय शोध पत्रिका उपलब्ध नहीं है, फिर भी छात्र रामानुजन को अपना आदर्श मानकर गणित को नया आयाम दे सकते हैं।संस्था के सचिव मनीष प्रताप सिंह ने जानकारी दी कि संस्था फरवरी माह में एक राष्ट्रीय स्तर के गणितीय सेमिनार का आयोजन करेगी, जिसमें देश के जाने-माने गणितज्ञ और प्रोफेसर भाग लेंगे। सभा को कुलदीप त्रिपाठी, संजू कुमार आदि वक्ताओं ने संबोधित किया।

THE TIMES OF INDIA, PATNA

Patna, Thursday, December 23, 1999

Ramanujam remembered

The Ramanujam School of Mathematics on Wednesday celebrated 112nd birth anniversary of the noted mathematician Shreeniwas Ramanujam. The young mathematician, Anand Kumar, informed the students at the function about Ramanujam's life.